शास. लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय अं. चौकी

अर्द्धवार्षिक परीक्षा

सत्र - 2021-22

कक्षा - बी. ए. भाग - II

विषय - हिन्दी साहित्य

प्रश्नपत्र - द्वितीय (हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

— // — // — // — // —

75 अंक

नोट :- सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्नों के उत्तर सक्रम लिखिए।

1. प्रश्न :- निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 21 अंक

प्रत्येक - 7

(क) सेत-सेत सब एक से, जहाँ कपूर कपास।
ऐसे देस कुदेस में, कबहुँ न कीजै बास॥
कोकिल बायस एक सम, पंडित मूरख एक।
इन्द्रायन दाड़िम विषय जहाँ न नेकुँ विवेक॥
बसिए ऐसे देस नहिं, कनक वृष्टि जो होय।
रहिए तो सुख पाइए, प्राण दीजिए रोय॥

अथवा

"बैर क्रोध का आचार या मुरब्बा है, जिससे हमें दुःख पहुँचा है उस पर यदि हमने क्रोध किया और यह क्रोध हमारे हृदय में बहुत दिनों तक टिका रहा तो वह बैर कहलाता है। इस स्थायी रूप में टिक जाने के कारण क्रोध का वेग और उग्रता तो धीमी पड़ जाती है, पर लक्ष्य को पीड़ित करने की प्रेरणा बराबर बहुत काल तक हुआ करती है।"

(ख) "सारी दुनिया में हल्ला हो गया कि बसंत आ गया पर इन कमबख्तों को खबर ही नहीं। कभी-कभी सोचता हूँ कि उसके पास एक संदेश पहुँचाने का क्या कोई साधन नहीं हो सकता! महुआ बदनाम है कि उसे सबके बाद बसंत का अनुभव होता है, पर जामुन कौन अच्छा है! वह तो और भी बाद में फूलता है और कालिदास का लाडला यह कर्णिकार? आप जेठ में भी मौज में आते हैं। मुझे ऐसा लगता है कि बसंत भागता-भागता चलता है।"

अथवा

P.T.O →

Scanned by CamScanner

"शरीर जब तक दूसरों पर लदा है, तब तक मुटाता है। जब अपने ही ऊपर चढ़ जाता है, तब दुबलाने लगता है। जिन्हें मोटे रहना है, वे दूसरों पर लदे रहने का सुभीता कर लेते हैं— नेता जनता पर लदता है, साधु भक्तों पर, आचार्य महत्वाकांक्षी छात्रों पर और बड़ा साहब जूनियरों पर।"

(ग) "यह खाँसी सल्तनत के उखड़ने की आवाज है, जो हमारे दम के साथ उखड़ना चाहती है (मुँह बिगाड़कर) उखड़े! कहाँ तक रोकेंगे हम? (खाँसते हैं)। कितने बलवाइयों को नेस्तनाबूद किया, कितने गदर रोके लेकिन ... यह खाँसी नहीं रुकती बेटी! रुके भी कैसे? अब आलमगीर आलमगीर नहीं है।"

अथवा

"राजनाथ – यह तुमने कहा, जिसने इससे अच्छे दिन कभी देखे नहीं पर मैं जो सब देख चुका हूँ, कभी नहीं कहता कि मेरे दिन बुरे हैं। जिस युग की हम उपज थे, जब वह चला गया तो उसकी ऊपज कब तक टिकती? राज्य मिट जाते हैं। बड़े-से-बड़े वीर और ज्ञानी किसी दिन मरते हैं, पर उनकी लौ जलती रहती है। व्यक्ति और मनुष्यता का मान यह लौ है। तुमने अपने बुरे दिन की बात कही और वह दया से पिघल उठा। जहाँ किसी भी रूप में दया की माँग है, वहाँ व्यक्ति मर जाता है, जीता नहीं।"

2 प्रश्न: – अंधेर नगरी नाटक की कथावस्तु संक्षेप में लिखते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

12 अंक

अथवा

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल जी "क्रोध" निबंध के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

"उस अमराई ने राम-राम कही है" निबंध में ग्रामीण मूल्यों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है, इस आधार पर निबंध "उस अमराई ने राम-राम कही है" की समीक्षा कीजिए।

P.T.O →

Scanned by CamScanner

3. प्रश्न :- 'बेईमानी की परत' निबंध में निहित व्यंग्य पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। 12 अंक

अथवा

'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

एकांकी के तत्वों के आधार पर एक दिन एकांकी की समीक्षा कीजिए।

4. प्रश्न :- निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। कोई-3

15 अंक

(i) राहुल सांस्कृत्यायन यात्रा वृतांत।

(ii) महादेवी वर्मा की भाषा-शैली।

(iii) हबीब तनवीर के प्रसिद्ध नाटक 'चरणदास चोर'।

(iv) हरिशंकर परसाई और व्यंग्य विधा।

(v) मम्मी ठकुराइन की चारित्रिक विशेषताएँ।

5. प्रश्न :- निम्नलिखित किन्हीं (15) पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 15 अंक

(I) गोर्वधनदास किस नाटक का पात्र है?

(II) औरंगजेब की आखिरी रात के रचनाकार कौन है?

(III) एक दिन एकांकी में किस बात वर्णन है?

(iv) क्रोध का वेग कैसा होता है?

(v) 'चिंतामणी' किसकी रचना है?

(vi) हिन्दी के दो निबंधकारों के नाम लिखिए।

(vii) 'बसंत आ गया है' निबंध के लेखक कौन है?

(viii) 'बेईमानी की परत' के लेखक कौन है?

(ix) हिन्दी के प्रथम एकांकी किसे माना जाता है?

(x) यायावर या घुमक्कड़ के नाम से कौन प्रसिद्ध है?

(xi) सरस्वती पत्रिका के संपादक कौन थे?

Scanned by CamScanner

(x) आपके पाठ्य पुस्तक में कुल कितनी निबंध संग्रह है?

(xi) हिन्दी के प्रथम नाटक का क्या नाम है?

(xii) 'अतीत के चलचित्र' किसकी कृति है?

(xiii) "अशोक के फूल" के रचनाकार कौन है?

(xiv) भरतमुनि के प्राचीनतम ग्रंथ का नाम क्या है?

(xv) काव्येषु नाट्यम् रम्यम् के लेखक कौन है?

(xvi) औरंगजेब की बेटी का क्या नाम था?

(xvii) "उस अमराई ने राम-राम कही है" के निबंधकार कौन है?

(xviii) आधुनिक मीरा के नाम से कौन प्रसिद्ध है?

(xix) शीला किस एकांकी की नायिका है?

(xx) श्रीचंद किस रचना का पात्र है?

———x———x———